वित्तीय समितियां
(2019-20)

(एक समीक्षा)

लोक लेखा समिति,
प्राक्कलन समिति और
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
2020

वित्तीय समितियां
(2019-20)

(एक समीक्षा)

लोक लेखा समिति,
प्राक्कलन समिति और
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति



लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
सितम्बर, 2020/ भाद्रपद, 1942(शक)

पी.ए.सी. सं. 2202

@2020 लोक सभा सचिवालय
लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (सोलहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित

विषय सूची

		पृष्ठ सं.
आमुख		(ii)
अध्याय- एक	लोक लेखा समिति	1
अध्याय -दो	प्राक्कलन समिति	57
अध्याय -तीन	सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति	66

परिशिट

एक.	लोक लेखा समिति (2019-20) की संरचना	9
दो.	*वर्ष 2019-20 के दौरान लोक लेखा समिति द्वारा जांच हेतु चुने गए विषय*	11
तीन.	लोक लेखा समिति (2019-20) की उप-समितियों की संरचना	28
चार.	लोक लेखा समिति (2019-20) [मुख्य समिति] की बैठकों की तिथियों और उनकी अवधि के विवरण को दर्शाने वाला विवरण	30
पांच.	लोक लेखा समिति (2019-20) की उप-समितियों की बैठकों की तिथियों और अवधि के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण	39
छह.	लोक लेखा समिति (2019-20) के प्रत्येक सदस्य द्वारा बैठकों, जिनमें समिति के सदस्यों ने भाग लिया, की संख्या को दर्शाने वाला विवरण	41
सात.	लोक लेखा समिति (2019-20) के अध्ययन दौरों के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण	44

प्राक्कलन समिति

एक.	प्राक्कलन समिति (2019-20) की संरचना	61
दो.	प्राक्कलन समिति (2019-20) की बैठकों की अवधि, सदस्यों की उपस्थिति तथा चर्चा किए गए विषय (यों) के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण	63
तीन.	प्राक्कलन समिति (2019-20) की बैठकों में प्रत्येक सदस्य ने कितनी बैठकों में भाग लिया, उसे दर्शाने वाला विवरण	64

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

एक.	सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (2019-20) की संरचना	70
दो.	सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (2019-20) की बैठकों की तिथियों, अवधि, सदस्यों की उपस्थिति तथा चर्चा किए गए विषयों के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण	72
तीन.	सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (2019-20) की अवधि आरंभ होने से लेकर 30 अप्रैल, 2020 तक हुई बैठकों की कुल संख्या और समिति के हर एक सदस्य द्वारा जितनी बैठकों में भाग लिया गया, उनकी संख्या को दर्शाने वाला विवरण।	76

* **

आमुख

इस पुस्तिका का उद्देश्य संसद की तीन वित्तीय समितियों, नामतः लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के 30 अप्रैल, 2020 तक के कार्यकलापों संबंधी समस्त संगत जानकारी संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करना है। इन समितियों का गठन 24 जुलाई, 2019 को किया गया था।

2. सुलभ संदर्भ हेतु, सांख्यिकीय आंकड़े तालिकाओं और परिशिष्टों में दिए गए हैं।

नई दिल्ली;
सितम्बर, 2020 — महासचिव
भाद्रपद,1942 (शक)

अध्याय-एक

लोक लेखा समिति

एक. निर्वाचन और संरचना

वर्ष 2019-20 के लिए लोक लेखा समिति का गठन 24 जुलाई, 2019 को किया गया था। इसमें संबंधित सभाओं के सदस्यों में से निर्वाचित लोक सभा के पन्द्रह सदस्य और राज्य सभा के सात सदस्य शामिल थे| इस समिति का कार्यकाल 30 अप्रैल, 2020 को समाप्त हुआ।

1.2 श्री अधीर रंजन चौधरी, संसद सदस्य (लोक सभा) और समिति के एक सदस्य को अध्यक्ष द्वारा सभापति के रूप में नियुक्त किया गया, देखिए 25 जुलाई, 2019 का समाचार-भाग-दो पैरा संख्या 402 | समिति की संरचना (2019-20) **परिशिष्ट –एक** में दी गई है|

1.3 दिनांक 5 अगस्त, 2019 को श्री भुवनेश्वर कालिता के राज्य सभा से इस्तीफे के कारण हुई रिक्ति पर दिनांक 10 फरवरी, 2020 को राज्य सभा के एक सदस्य, श्री पी. भट्टाचार्य को समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया।

दो. जांच हेतु चयनित विषय

1.4 लोक लेखा समिति ने अपनी 26.8.2019 को हुई बैठक में वर्ष 2019-20 के दौरान, जांच हेतु कुल 107 विषयों/लेखापरीक्षा पैराओं (देखिए, दिनांक 28.8.2019 का समाचार भाग-दो संख्या 517) का चयन किया था | दिनांक 29.8.2019 को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें 2019-20 के दौरान, जांच के लिए चुने गए विषयों में से 23 विषयों को प्राथमिकता दी गई है। दिनांक 26 अगस्त 2019 को आयोजित बैठक में गहन जांच के लिए चुने गए विषयों में अन्य बातों के साथ-साथ वर्ष 2019 के सीएंडएजी के प्रतिवेदन संख्या 11 के पैरा सं. 1.6, 4.1, 4.7 और अध्याय सं.- दो और तीन शामिल थे। समिति ने 19 नवंबर, 2019 को हुई अपनी बैठक में 2019-20 के दौरान, गहन जांच हेतु रिपोर्ट के चुनिन्दा पैराओं / अध्यायों को लेने के बजाय, वर्ष 2019 की सीएंडएजी की संपूर्ण रिपोर्ट संख्या 11 का चयन किया गया। समिति ने 27 दिसंबर, 2019 को हुई बैठक के दौरान, आठ अतिरिक्त विषयों का चयन किया, जिसके बारे में दिनांक 31 जनवरी, 2020 के समाचार भाग- दो पैरा संख्या 1093 के माध्यम से अधिसूचित किया गया था। इस प्रकार, 2019-20 के

दौरान, समिति ने जांच के लिए कुल 111 विषयों का चयन किया। इन विषयों का ब्यौरा **परिशिष्ट-दो** में दर्शाया गया है।

तीन. उप-समितियों का गठन

1.5 वर्ष 2019-20 की अवधि के दौरान, आवंटित विषयों की जांच के लिए लोक लेखा समिति की तीन उप-समितियों का गठन किया गया था। उप-समिति एक, दो और तीन के गठन और प्रत्येक उप-समिति को आवंटित विषय के बारे में दिनांक 18 दिसंबर, 2019 के समाचार भाग- दो, संख्या 925 के द्वारा अधिसूचित किया गया था। उप-समितियों की संरचना **परिशिष्ट-तीन** में दी गई है। इन उप-समितियों को निम्नलिखित विषयों की जांच का कार्य सौंपा गया था, जिन्हें प्रत्येक उप-समिति के समक्ष दर्शाया गया है:

<u>वर्ष 2019-20 के दौरान जांच के लिए उप-समितियों को आवंटित विषय</u>

(एक) उप समिति-एक

विषय: 2019 की रिपोर्ट संख्या 8 - सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कार्यान्वयन हेतु तैयारी

(दो) उप समिति-दो

विषय: 2017 की रिपोर्ट संख्या 37 - खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 का कार्यान्वयन

(दो) उप समिति-तीन

विषय: 2017 की रिपोर्ट संख्या 12, अध्याय-सोलह, पैरा 16.1 - प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन

चार. <u>किए गए कार्य की समीक्षा</u>

(क) <u>समिति/उप समितियों की बैठकें</u>

1.6 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 17 बैठकें (मुख्य समिति की 14 बैठकें उप-समितियों की 03 बैठकें) हुईं। इन समितियों की बैठकों की कुल अवधि 26 घंटे 55 मिनट जिसमें मुख्य समिति की 22 घंटे और 40 मिनट और उप-समितियों की 04 घंटे 15 मिनट थी। मुख्य समिति की प्रत्येक बैठक की तिथि और अवधि, उपस्थित सदस्यों की संख्या और चर्चा किए गए विषयों का ब्यौरा **परिशिष्ट-चार** में दिया गया है। इसी तरह, उप-समितियों की बैठकों की तिथि और अवधि का ब्यौरा **परिशिष्ट-पांच** में दिया गया है। समिति की बैठकों की संख्या का ब्यौरा जिनमें प्रत्येक सदस्य ने भाग लिया **परिशिष्ट-छह** में दिया गया है

(ख) <u>विनियोग लेखाओं और लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की जांच</u>

1.7 लेखाओं और लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की जांच के दौरान, लोक लेखा समिति ने सिविल, डाक सेवाओं, रक्षा सेवाओं और रेल से संबंधित वर्ष 2017-18 के केंद्र सरकार के चार विनियोग लेखाओं की जांच करने के

अतिरिक्त, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों में अंतर्विष्ट विभिन्न पैराओं पर संगत सामग्री का अध्ययन किया। इसके अलावा, देश के प्रमुख समाचार पत्रों में 25 नवंबर, 2019 को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें विषय से संबंधित हितधारकों / उद्योग प्रतिनिधियों / विशेषज्ञों / संस्थाओं / संगठनों से "माल और सेवा कर" विषय पर विचार और सुझाव मांगें गए।

(ग) तत्स्थानिक अध्ययन दौरा

1.8 लोक लेखा समिति (2019-20) ने विभिन्न सरकारी संस्थापनाओं/विभागों/संगठनों के कार्यकरण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने हेतु तीन तत्स्थानिक अध्ययन दौरे किए। उक्त अवधि के दौरान, समिति द्वारा जिन संगठनों/स्थानों का दौरा किया गया, उनका ब्यौरा **परिशिष्ट-सात** में दर्शाया गया है।

(घ) कार्यवाही और कार्यवाही सारांश

1.9 समिति की बैठकों की शब्दशः कार्यवाही, जिसमें साक्षियों द्वारा समिति के समक्ष दिया गया साक्ष्य शामिल है, का रिकॉर्ड रखा गया है। समिति की बैठकों का कार्यवाही सारांश तैयार किया गया और संबंधित प्रतिवेदनों के साथ सभा में प्रस्तुत किया गया।

पांच. प्रतिवेदन जिन्हें अंतिम रूप दिया गया और प्रस्तुत किया गया

1.10 समीक्षाधीन अवधि अर्थात 2019-20 के दौरान, समिति ने कुल 15 प्रतिवेदनों (06 मूल प्रतिवेदन और 09 की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदन) को अंतिम रूप दिया और सभा में प्रस्तुत किया।

(क) मूल प्रतिवेदन

निम्नलिखित 06 मूल प्रतिवेदनों को सभा में प्रस्तुत किया गयाः

क्र. सं.	प्रतिवेदन सं.	विषय	प्रस्तुतीकरण की तिथि
1.	14वां	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम	23.03.2020*
2.	13वां	बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, बैंगलोर (बीआईएएल) द्वारा "न्यासीय कर्त्तव्य की विफलता के कारण बकाया राशियों की संदिग्ध वसूली"	18.03.2020
3.	12वां	निधियों का प्रबंधन	18.03.2020
4.	5वां	वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा लोक लेखा समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन	04.02.2020

5.	4वां	स्वीकृत अनुदानों और प्रभारित विनियोगों (2016-17) से अधिक व्यय	04.02.2020
6.	पहला	विनियोग लेखाओं में अपवाद रिपोर्टिंग की सीमा में संशोधन	06.12.2019

(ख) <u>की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदन</u>

1.11 निम्नलिखित 09 की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदनों को भी सभा में प्रस्तुत किया गयाः

क्र. सं.	प्रतिवेदन सं.	विषय	प्रस्तुतीकरण की तिथि
1.	15वां	"डाक विभाग द्वारा अननुपालन" विषय पर समिति के 89वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों और सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	23.03.2020*
2.	11वां	"औषध क्षेत्र में निर्धारितियों का कर निर्धारण" विषय पर समिति के 136वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों / सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	16.03.2020
3.	10वां	"राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 को लागू करने हेतु तैयारी" विषय पर समिति के 133वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	16.03.2020
4.	9वां	"माल और सेवाओं के प्रापण में अनियमितताएं, गैर-मौजूद फर्मों को कार्य की सुपुर्दगी, अप्राप्य वैट प्रतिदाय और विभागीय प्रभारों का अतिरिक्त भुगतान" विषय पर समिति के 132वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	16.03.2020
5.	8वां	" भारतीय रेल में परियोजनाओं का कार्यान्वयन" विषय पर समिति के 109वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	04.02.2020
6.	7वां	"परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के कार्यकलाप" विषय पर समिति के 90वें प्रतिवेदन (15वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	04.02.2020

7.	6वां	"स्वीकृत अनुदानों और प्रभारित विनियोगों (2015-16) से अधिक व्यय" विषय पर समिति के 88वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	04.02.2020
8.	तीसरा	"स्वास्थ्य और संबद्ध क्षेत्र में संलग्न इकाइयों का आकलन" विषय पर समिति के 103वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	06.12.2019
9.	दूसरा	"स्वास्थ्य और परिवार कल्याण" विषय पर समिति के 95वें प्रतिवेदन (16वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।	06.12.2019

*प्रतिवेदन माननीय अध्यक्ष, लोक सभा को प्रस्तुत किए गए।

1.12 निम्नलिखित तालिका में समिति द्वारा अपने पूर्व प्रतिवेदनों में की गई टिप्पणियों/सिफारिशों जिनके संबंध में की-गई कार्रवाई प्रतिवेदन वर्ष 2019-20 के दौरान प्रस्तुत किए गए थे, के सबंध में सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई का विश्लेषण दर्शाया गया है:-

सिफारिशों की कुल संख्या	सरकार द्वारा स्वीकार की गई सिफारिशों की कुल संख्या	सिफारिशों की कुल संख्या जिनके संबंध में समिति ने सरकार के उत्तरों को देखते हुए आगे कार्रवाई नहीं की	सिफारिशों की कुल संख्या जिनके संबंध में समिति ने सरकार के उत्तरों को स्वीकार नहीं किया था और जिन्हें दोहराए जाने की आवश्यकता थी	सिफारिशों की कुल संख्या जिनके संबंध में सरकार के अंतिम उत्तर अभी प्राप्त नहीं हुए हैं
118	93 (78.81%)	01 (0.85%)	16 (13.56%)	08 (6.78%)

1.13 **की-गई-कार्रवाई विवरण**

उपर्युक्त 6 मूल और 9 की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदनों जो सभा को प्रस्तुत किए गए थे, के अलावा समिति के 94वें प्रतिवेदन (16 वीं लोकसभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों / सिफारिशों पर मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में 121वें प्रतिवेदन पर अंतिम की-गई-कार्रवाई टिप्पणों के एक विवरण को भी दोनों सभाओं के पटल पर भी रखा गया।

छह. सचिवालय

1.14 लोक लेखा समिति शाखा समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करती है। एक अपर सचिव/संयुक्त सचिव, एक निदेशक, तीन अपर निदेशकों और दो उप सचिवों ने शाखा के कामकाज का पर्यवेक्षण किया। अपर सचिव/संयुक्त सचिव समिति सचिवालय के समग्र प्रभारी बने रहे।

1.15. वर्ष 2019-20 के दौरान, सचिवालय ने वर्ष 2017-18 के लिए केंद्र सरकार के चार विनियोग लेखाओं की जांच की और साथ ही, अन्य संगत सामग्रियों जैसे प्रेस क्लिपिंग्स, वेबसाइट्स, संसद में प्रश्नों/वाद-विवाद, विषयों संबंधी साहित्य और प्रकाशनों आदि का अध्ययन किये जाने के अलावा भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा यथा प्रस्तुत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों /पैराओ और महत्वपूर्ण बिंदुओं के ज्ञापन का एक विस्तृत अध्ययन भी किया, इस प्रकार किए गए अध्ययनों के आधार पर, सचिवालय ने संबंधित मंत्रालयों/विभागों से आगे की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्नावली तैयार कीं। अनुमोदन के बाद, इन प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेजा गया। प्राप्त उत्तरों के आधार पर, साक्ष्य के दौरान समिति के सदस्यों को प्रश्नों की सूची के रूप में साक्ष्य के दौरान पूछताछ की रूपरेखा का सुझाव दिया गया। साक्ष्य की शब्दशः कार्यवाही का बाद में सचिवालय द्वारा अध्ययन किया गया और साक्ष्य से उठने वाले प्रशनों के विवरण और विस्तार के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को साक्ष्योपरांत प्रश्न भेजे गये।

1.16. सचिवालय ने जांचाधीन विषयों से संबंधित सभी सामग्रियों का गहन अध्ययन किया, जिसमें पृष्ठभूमि नोट, अग्रिम जानकारी, संसदीय वाद-विवाद से सामग्री और शब्दशः कार्यवाही, साक्ष्य के बाद उठाए गए प्रश्नों के उत्तर और क्षेत्रीय दौरों से एकत्र किए गए इनपुट शामिल हैं । इस प्रकार एकत्रित

सामग्री लगभग 20,000 पृष्ठों की थी । तत्पश्चात्, एकत्र की गई सामग्री से संबंधित प्रश्नों /मुद्दों का चयन किया गया और प्रतिवेदनों का प्रारुपण किया गया और समिति के सभापति को प्रस्तुत किया गया । प्रस्तुत प्रतिवेदनों के अनुमोदन के पश्चात् समिति द्वारा अंगीकृत किए जाने के पूर्व लोक सभा के माननीय अध्यक्ष के अवलोकन के लिए प्रतिवेदन का सार तैयार किया गया और रखा गया । इन प्रतिवेदनों को समिति के सदस्यों को उनके विचारार्थ और समिति बैठक के दौरान उन्हें स्वीकार करने हेतु परिचालित किया गया।

1.17. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति के बाद, उसकी प्रतियां संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेज दी गईं और प्रतिवेदनों में अंतर्विष्ट टिप्पणियों /सिफारिशों पर आवश्यक संख्या में की गई कार्रवाई टिप्पण / उत्तरों को प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। की गई कार्रवाई टिप्पणों / उत्तरों की प्राप्ति के बाद, सचिवालय ने उक्त कार्यवाही की और की गई कार्रवाई प्रतिवेदन तैयार किये और निर्धारित पैटर्न के अनुसार उत्तरों को श्रेणीकृत किया।तत्पश्चात् प्रारूप की गई कार्रवाई प्रतिवेदनों को अनुमोदन के लिए सभापति को प्रस्तुत किया गया । सभापति द्वारा अनुमोदित किए जाने के पश्चात्, समिति द्वारा स्वीकार किए जाने के लिए रखे जाने से पूर्व प्रतिवेदनों का सार तैयार किया गया और उसे लोक सभा के माननीय अध्यक्ष के अवलोकन के लिए रखा गया। इन प्रतिवेदनों को समिति के सदस्यों के बीच उनके विचारार्थ और इसमें हुई समिति की बैठक के दौरान समिति द्वारा स्वीकार किए जाने के लिए परिचालित किया गया । इस प्रकार स्वीकृत की गई कार्रवाई प्रतिवेदनों को संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया गया और उसमें अंतर्विष्ट टिप्पणियों /सिफारिशों पर अंतिम की गई कार्रवाई टिप्पणों / उत्तर भेजने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भेज दिया गया ।

1.18. सचिवालय ने एपीएमएस (लेखा परीक्षा पैरा निगरानी प्रणाली) पोर्टल पर सभा के समक्ष प्रस्तुत सभी प्रतिवेदन अपलोड किये, जहां संबंधित मंत्रालयों/विभागों को भी समिति की सिफारिशों/टिप्पणियों और समिति को भेजे गए केंद्र सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के विभिन्न प्रतिवेदनों में अंतर्विष्ट सभी लेखा परीक्षा पैराओं पर उपचारात्मक/सुधारात्मक की गई कार्रवाई टिप्पणों के संबंध में अपने की गई कार्रवाई उत्तरों को अपलोड करना है।

1.19. इसके अलावा, प्रश्न शाखा से प्राप्त संसदीय प्रश्नों, समिति समन्वय शाखा द्वारा मांगी गई जानकारी और सूचना प्रकोष्ठ से प्राप्त आरटीआई आवेदनों पर भी सचिवालय द्वारा विचार किया गया। सभापति, लोक लेखा समिति को संबोधित अनेक अभ्यावेदनों पर भी सचिवालय द्वारा कार्यवाही की गई और तर्कसंगत निर्णय लिया।

1.20. सचिवालय ने समिति के अन्य संबंधित और नियमित कार्य करने के अलावा, सभी संबंधित सामग्रियों के अध्ययन, प्रश्न/प्रश्नों की सूची तैयार करने प्रश्नों/ प्रतिवेदन का प्रारूप तैयार करने और उनकी प्रस्तुति, मुद्रण, परिचालन आदि कार्य भी किए।

परिशिष्ट-एक

(देखिये पैरा 1.2)

लोक लेखा समिति की संरचना

(2019-20)

श्री अधीर रंजन चौधरी - सभापति

सदस्य

लोक सभा

2. श्री टी.आर. बालू
3. श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया
4. श्री सुधीर गुप्ता
5. श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश
6. श्री भर्तृहरि महताब
7. **श्री अजय मिश्रा टेनी**
8. श्री जगदम्बिका पाल
9. श्री विष्णु दयाल राम
10. श्री राहुल रमेश **शेवाले**
11. श्री राजीव रंजन **सिंह 'ललन'**
12. डॉ. सत्यपाल सिंह
13. श्री जयंत सिन्हा

14. श्री **बालाशौरी वल्लभनेनी**

15. श्री राम कृपाल यादव

राज्य सभा

16. श्री राजीव चन्द्रशेखर

17. **प्रो. एम.वी. राजीव गौड़ा**

18. श्री नरेश गुजराल

19. **श्री पि.भट्टाचार्य** [1]

20. श्री सी.एम. रमेश

21. श्री सुखेन्दु शेखर राय

22. श्री भूपेन्द्र यादव

---

[1]05 **अगस्त**, 2019 **को श्री भुबनेश्वर कालिता के राज्यसभा से त्याग-पत्र के कारण हुई रिक्ति के स्थान पर** 10 **फरवरी**, 2020 **से निर्वाचित।**

परिशिष्ट- दो

(देखिये पैरा 1.4)

लोक लेखा समिति द्वारा 2019-20 के दौरान जांच के लिए चयनित विषय

क्र. सं.	प्रतिवेदन *सं.*	*अध्याय / पैरा सं.*	*विषय*	*मंत्रालय / विभाग*
1 ^	वर्ष 2019 का 8	संपूर्ण प्रतिवेदन	सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन हेतु तैयारी	नीति आयोग
2 ^	वर्ष 2019 का 11*	*संपूर्ण प्रतिवेदन*	*अप्रत्यक्ष कर-माल और सेवा कर*	वित्त (राजस्व विभाग)
3 ^	वर्ष 2018 का 22	*संपूर्ण प्रतिवेदन*	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम	जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण
4 ^	वर्ष 2019 का 3	*संपूर्ण प्रतिवेदन*	भारतीय वायुसेना में पूंजी अधिग्रहण	रक्षा
5 ^	वर्ष 2018 का 23	संपूर्ण प्रतिवेदन	रीयल एस्टेट क्षेत्र में निर्धारितियों का मूल्यांकन	वित्त (राजस्व विभाग)
6 ^	वर्ष 2018 का 14	*पैरा 3*	*भारतीय वायुसेना की प्रचालनात्मक तैयारी*	*रक्षा*
7 ^	वर्ष 2018 का 15	समग्र प्रतिवेदन	*`राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम' के संबंध में निष्पादन लेखा परीक्षा*	*पेयजल एवं स्वच्छता*

8 ^	वर्ष 2018 का 19	संपूर्ण प्रतिवेदन	*भारतीय रेल द्वारा संविदा श्रमिक को रखने में सांविधिक आवश्यकताओं का निष्पादन*	*रेल*
9 ^	वर्ष 2017 का 7	संपूर्ण प्रतिवेदन	कृषि फसल बीमा योजना की निष्पादन लेखापरीक्षा	कृषि और किसान कल्याण
10 ^	वर्ष 2017 का 39	संपूर्ण प्रतिवेदन	*गंगा नदी का संरक्षण (नमामि गंगे)*	*जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण*
11 ^	वर्ष 2017 का 37	संपूर्ण प्रतिवेदन	*खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 का कार्यान्वयन*	*स्वास्थ्य और परिवार कल्याण*
12 ^	वर्ष 2019 का 4	अध्याय-पांच	कर-व्यवस्था और आंतरिक नियंत्रण (केंद्रीय उत्पाद शुल्क) की प्रभावकारिता	वित्त (राजस्व विभाग)
13 ^		अध्याय-छह	कर-व्यवस्था और आंतरिक नियंत्रण (केंद्रीय उत्पाद शुल्क) की प्रभावकारिता	वित्त (राजस्व विभाग)
14 ^	वर्ष 2015 का 49	संपूर्ण प्रतिवेदन	प्रमुख पत्तनों में सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं की निष्पादन लेखापरीक्षा	पोत परिवहन
15 ^	वर्ष 2016 का 7	संपूर्ण प्रतिवेदन	'पासपोर्ट सेवा परियोजना का कार्यान्वयन' सम्बन्धी निष्पादन लेखापरीक्षा	विदेश
16	वर्ष 2019	संपूर्ण	मनोरंजन क्षेत्र में कर-	वित्त (राजस्व विभाग)

^	का 1	प्रतिवेदन	निर्धारितियों का कर-निर्धारण	
17 ^	वर्ष 2017 का 12	अध्याय छह, पैरा 6.1	निधियों का प्रबंधन	*कोयला*
18 ^		अध्याय सोलह 16.1	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) पीएमईजीपी (का) कार्यान्वयन	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय
19 ^	वर्ष 2018 का 20	संपूर्ण प्रतिवेदन	*वर्ष 2016-17 के लिए राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 का निष्पादन*	*वित्त (आर्थिक कार्य विभाग)*
20	वर्ष 2014 का 27	पैरा 6.4	नगरपालिका ठोस अपशिष्टों के प्रबंधन हेतु आदर्श सुविधाएं स्थापित न करना	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन
21	वर्ष 2016 का 13	पैरा 2.1	भारतीय रेल में स्टेशनों के आधुनिकीकरण सहित स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन	*रेल*
22	वर्ष 2016 का 34	पैरा 3.4	अधिक संवितरण वाले अनुदान/विनियोग (2016-17)	*वित्त*
23	वर्ष 2017 का 1	अध्याय चार	शुल्क छूट / छूट योजना (पैरा 4.1 से 4.1.5)	वित्त विभाग (सीमा शुल्क)
24		अध्याय सात	सामान्य छूट अधिसूचनाओं को गलत ढंग से लागू करना (पैरा 7.1 और 7.2)	

25	वर्ष 2017 का 2	अध्याय दो	अभिलेखों को उपलब्ध न कराना (पैरा 2.6.2)	राजस्व विभाग (प्रत्यक्ष कर)
26	वर्ष 2017 का 5	संपूर्ण प्रतिवेदन	सीमा सड़क संगठन द्वारा भारत भारत चीन सीमा सड़कों का निर्माण संबंधी निष्पादन लेखापरीक्षा	रक्षा (सेना)
27	वर्ष 2017 का 10	संपूर्ण प्रतिवेदन	बाढ़ नियंत्रण पूर्वानुमान योजना संबंधी निष्पादन लेखापरीक्षा	जल संसाधन ,नदी विकास और गंगा संरक्षण
28	वर्ष 2017 का 12	अध्याय पांच	न्यासीय शुल्क की विफलता के कारण संदिग्ध वसूली (पैरा 5.1)	नागर विमानन
29		अध्याय बारह	वर्ष 2011 में पूरे हुए भवनों का कब्ज़ा स्थानांतरित करवाने में सीपीडब्ल्यूडी और डीसीपीडब्ल्यू की विफलता जिससे उस पर किया गया व्यय निष्फल हो गया। (पैरा 12.2)	गृह
30		अध्याय चौदह	भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे (पैरा 14.1)	सूचना और प्रसारण

31		अध्याय अट्ठारह	त्रुटिपूर्ण योजना बनाने के कारण निष्फल व्यय (पैरा 18.1)	सड़क परिवहन और राजमार्ग
32		अध्याय उन्नीस	पार्किंग प्रभारों में संशोधन करने में विफलता के कारण राजस्व की हानि (पैरा 19.1) एक निजी दल से आश्वासित सवार सह घाटा भाड़ा प्रभारों की कम वसूली (पैरा 19.2) प्रत्याशित लाभों की गैर प्राप्ति तथा निधियों निधियों का अवरोधन (पैरा 19.3) बकाया दावों की गैर वसूली (पैरा 19.4) शिक्षा शुल्क की अनियमित प्रतिपूर्ति (पैरा 19.5); पट्टा विलेख तैयार करने में उचित तत्परता की कमी के कारण राजस्व की हानि (पैरा 19. 6)	पोत परिवहन (एमबीपीटी)
33		अध्याय बीस	पूंजी सहायता के संवितरण संबंधी योजना लक्ष्यों को कार्यान्वित करने में विफलता (पैरा 20. 1)	वस्त्र
34		अध्याय बाईस	समापन-सह-अधिभोग प्रमाण-पत्र की प्राप्ति न होने के कारण वित्तीय हानि (पैरा 22. 1) विभागीय प्रभार में विफलता के कारण हानि (पैरा 22. 2)	*शहरी विकास*

			ठेकेदार को अनुचित लाभ (पैरा 22. 3)	
35	वर्ष 2017 का 15	अध्याय पांच	परिहार्य अतिरिक्त व्यय(पैरा 5. 1)	रक्षा
36		अध्याय छह	एक एकीकृत एरोस्टेट निगरानी प्रणाली का विकास (पैरा 6.1); परियोजना के पूरा होने के बाद वाहन परीक्षण ग्राउंड के निर्माण के लिए अनियमित संस्वीकृति और 5.20 करोड़ रुपए का व्यय (पैरा 6.2); 19.53 करोड़ रुपए का निष्फल व्यय (पैरा 6.3)	
37	वर्ष 2017 का 17	अध्याय पांच	सीएसआईआर में मानव संसाधनों का प्रबंधन (पैरा 5.1) अप्रयुक्त भूमि का निस्तारण न करने के कारण हुआ परिहार्य व्यय(पैरा 5.4)	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
38		अध्याय छह	वी सैट सेवाओं-का प्रबन्धन (पैरा 6.1) ;परियोजना-पूर्व कार्यकलापों पर अनियमित व्यय (पैरा 6.2) वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान की सुपुर्दगी में वित्तीय विवेक की कमी तथा अनुचित अनुबंध प्रबंधन (पैरा 6.3); पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील भूमि की खरीद में निष्फल व्यय	अंतरिक्ष विभाग

			(पैरा 6.4)	
39	**वर्ष** 2017 **का** 17	अध्याय दो	भारतीय नौसेना में नौसैनिक भण्डार, उपकरण एवं कल पुर्जों का इनवेंट्री प्रबंधन संबंधी निष्पादन लेखापरीक्षा	रक्षा
40		अध्याय तीन	भारतीय नौसेना में पोतों और पनडुब्बियों की दुर्घटनाएँ (पैरा 3 . 1); मरीन गैस टर्बाइन ओवरहाल फेसिलिटी का कार्यकरण (पैरा 3 . 2); यूएच-3एच हेलीकाप्टरों का प्रचालन और अनुरक्षण (पैरा3.3); पेरिस्कोप की स्थापना में विलंब के कारण सिंधुघोष वर्ग की पनडुब्बियों का जोखिम भरा उपयोग (पैरा 3.4); अनिवार्य प्रणाली की स्थापना न करने के कारण विमान की उड़ान सुरक्षा से समझौता **(पैरा 3.5) ऑफसेट दायित्व के फलन में विलंब के कारण बेड़े के टैंकरों का भेद्य होना** (पैरा 3.6); दिल्ली दिल्ली क्षेत्र में नौसेना अधिकारियों द्वारा लघु शस्त्र-फायरिंग अभ्यास की कमी (**पैरा 3.7)** एक हेलीकाप्टर बेड़े के लिए एयरोइंजन की अनुचित खरीद (पैरा 3.8) ; एक विमान के लिए मोबाइल सैटेलाईट सेवा टर्मिनल की परिहार्य अधिप्राप्ति एवं स्थापना (पैरा 3.9) डोर्नियर	

			विमान के लिए मौसम रडार की अधिप्राप्ति (पैरा 3.10) ; चावल की खरीद पर परिहार्य व्यय (पैरा 3.11)	
41	**वर्ष** 2017 **का** 21	अध्याय दो	निधियों के अनियमित रूप से रखने के परिणामस्वरूप ब्याज हानि(पैरा 2.2); ढुलाई शुल्क का अधिक भुगतान (पैरा 2.4); रिमोटली मैनेज्ड फ्रैंकिंग मशीनों को किराए पर लेने का परिहार्य भुगतान (पैरा 2.5)	**संचार (डाक विभाग)**
42		अध्याय तीन	निधियों का अवरोधन और निष्फल फ़ॉरेक्स निर्गम (पैरा 3.1); किराए का अधिक भुगतान (पैरा 3.2)	**इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी**
43		अध्याय चार	भारत संचार निगम लिमिटेड में वायरलाइन ब्रॉडबैंड सेवाओं संबंधी निष्पादन लेखापरीक्षा (पैरा 4.1); उपभोक्ता अर्जन फार्मों का अपर्याप्त प्रमाणन-महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (पैरा 4.2); महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड भवन में अधिकृत स्थान के लिए किराए के बिल को जारी करने में विलंब (पैरा 4.3); किराए पर भवन लेने पर और आंतरिक साजसज्जा- पर 15.54 करोड़रुपए का निष्फल व्यय-राष्ट्रीय सूचना	**संचार (दूरसंचार विभाग)**

			विज्ञान केंद्र सेवाएं इंक (पैरा 4.4)	
44	**वर्ष** 2017 **का** 28	संपूर्ण प्रतिवेदन	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूँजीकरण पर निष्पादन लेखा परीक्षा	वित्त (विभाग वित्तीय सेवाएं)
45	**वर्ष** 2017 **का** 36	संपूर्ण प्रतिवेदन	भारतीय रेल के यात्री कोचों में *बायो-टॉयलेट का अधिष्ठापन*	रेल
46	**वर्ष** 2018 **का** 1	अध्याय तीन	भारतीय रेल में परिसंपत्तियों का लेखांकन (रेल वित्त)	रेल
47	**वर्ष** 2018 **का** 2	अध्याय सात	उपग्रह दिशानिर्देशन प्रणाली का परिचालन (पैरा 7.1)	अंतरिक्ष विभाग
48		अध्याय नौ	**सौर तापीय विद्युत संयंत्र का उपयोग** न करना(पैरा 9.1)	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा
49	**वर्ष** 2018 **का** 4	अध्याय तीन	**सुविधा स्थापित करने के उद्देश्यों की प्राप्ति न होना** (पैरा 3.1)	कृषि और किसान कल्याण
50		अध्याय चार	**एपीडा द्वारा अपने वित्तीय हितों की सुरक्षा न करने के कारण हुई हानि** (पैरा 4.1) और **निधि का अविवेकपूर्ण प्रबंधन** (पैरा 4.2)	वाणिज्य और उद्योग
51		अध्याय छह	**सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु योजनाएं** (पैरा 6.1); **नकद का गलत प्रबंधन**	संस्कृति

			एवं सरकारी खाते के बाहर निधियों का अनियमित रूप में पड़े रहना (पैरा 6.2); कर्मचारी भविष्य निधि में अधिक अंशदान (पैरा 6.3); विद्युत प्रभारों पर परिहार्य भुगतान (पैरा 6.4)	
52		अध्याय आठ	सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) का कार्यान्वयन (पैरा 8.1)	वित्त
53		अध्याय नौ	अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), मुंबई से संबंधित पैरा (पैरा 9.1); भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद (पैरा 9.2) ;स्नातकोत्तर चिकित्सकीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ (पैरा 9.3); जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुचेरी (पैरा 9.4); सफदरजंग अस्पताल (पैरा 9.5)	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
54		अध्याय तेरह	विद्युत प्रभारों पर परिहार्य भुगतान (पैरा 13.1); निर्धारित भुगतान प्रक्रिया का पालन न करना (पैरा 13.2)	सूचना और प्रसारण

55		अध्याय चौदह	**प्रशासनिक प्रभारों की कम वसूली** (पैरा 14.1)	श्रम और रोजगार
56		अध्याय पन्द्रह	पदों की संस्वीकृति के बिना कर्मचारियों की भर्ती (पैरा 15.1)	नीति आयोग
57		अध्याय सोलह	मांग प्रभारों का परिहार्य भुगतान (पैरा 16.1)	कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन
58		अध्याय उन्नीस	जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास **(जेएनपीटी) को हुइ राजस्व हानि (पैरा 19.1); राजस्व का नु** राजस्व का नुकसान और का नुकसान और लाइसेंसधारी को अनुचित लाभ (पैरा 19.2) नैमित्तिक व्यवसाय और सेवा प्रभारों के संशोधन में विफलता के कारण राजस्व की हानि (पैरा 19.3); लो पावर फैक्टर के लिए क्षतिपूर्ति प्रभारों का परिहार्य भुगतान (पैरा 19.4)	पोत परिवहन
59		अध्याय बीस	**विद्युत प्रभारों पर परिहार्य भुगतान** (पैरा 20.1)	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन
60	**वर्ष** 2015	पैरा 2.5	दोहरी /बहुविध प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले ऑपरेटरों को	संचार

	का 20		अनुचित लाभ	दूरसंचार
61	वर्ष 2016 का 29	अध्याय दो	यूनिवर्सल सर्विस प्रोवाइडर को सब्सिडी का अनियमित भुगतान (पैरा 2.2)	संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
62	वर्ष 2017 का 1	अध्याय तीन	सीमाशुल्क विभाग के निवारक कार्य	राजस्व विभाग (सीमा शुल्क)
63	वर्ष 2017 का 2	अध्याय तीन	निगम कर	राजस्व विभाग (प्रत्यक्ष कर)
64	वर्ष 2017 का 3	अध्याय चार	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क का गैर अल्प भुगतान (पैरा 4.2)	राजस्व विभाग (केन्द्रीय शुल्क)
65	वर्ष 2017 का 8	पैरा 2.13	लक्षद्वीप द्वीप समूह में विद्युत का उत्पादन और वितरण	यूटी (लक्षद्वीप प्रशासन)
66	वर्ष 2017 का 13	संपूर्ण प्रतिवेदन	भारतीय रेल में खानपान सेवाएं	रेल
67	वर्ष 2017 का 30	अध्याय 2	विशेष प्रावधानों में अस्पष्टता / कमी सहित प्रणालीगत मुद्दे पैरा (2.1 से 2.11)	वित्त (राजस्व विभाग)
68	वर्ष 2018 का 2	पैरा 4.1	इंस्टिट्यूट ऑफ बायो-रिसोर्सेज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, इम्फाल के कार्यकलाप	(जैवप्रौद्योगिकी विभाग-)
69		पैरा 5.1	मूल्य वृद्धि के कारण परिहार्य व्यय	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

70	**वर्ष** 2018 **का** 5	पैरा 7.1	रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा व्यावसायिक उपयोग हेतु रेल भूमि का विकास	रेल
71	**वर्ष** 2018 **का** 6	संपूर्ण प्रतिवेदन	"राष्ट्रीय परियोजनाएं "संबंधी निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन	जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण
72	**वर्ष** 2018 **का** 8	अध्याय - दो	गोला बारूद और विस्फोटक का उत्पादन **करने वाली आयुध निर्माणियों** में गुणवत्ता प्रबंधन	रक्षा
73	**वर्ष** 2018 **का** 9	पैरा 2.1	दूरगामी समुद्री सर्वेक्षण पनडुब्बी रोधी युद्ध पोत अधिष्ठापन का 'ए' उपयोग और दोहन।	रक्षा
74		पैरा 2.2	भारतीय नौसेना में अधिकारियों का प्रशिक्षण	रक्षा
75		पैरा 3.1	भारतीय तटरक्षक में अवसंरचनात्मक सुविधाओं का सृजन।	रक्षा
76	**वर्ष** 2018 **का** 13	पैरा 3.4	इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन्नत किए हुए 155 एमएम/45 कैलिबर गन सिस्टम "धनुष" के उत्पादन में विलंब	रक्षा
77		पैरा 4.3	एयर कंडीशनरों-**की व्यवस्था** में विलंब के कारण फील्ड फार्मेशन को तत्काल मिसाइलें उपलब्ध नहीं कराई जा सकी	रक्षा
78		पैरा 5.1	निष्फल व्यय	रक्षा
79		पैरा 6.3	पूर्ण परीक्षण सुविधाओं के बिना एक परियोजना को शुरू करने के	रक्षा

			कारण 13.78 करोड़ रूपए का निष्फल व्यय	
80		पैरा 6.5	स्टोर्स की खरीद पर 14.43 करोड़ रूपए का अनुचित व्यय	रक्षा
81	वर्ष 2018 का 14	पैरा 2.1	इंडीज़ेनस एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (एईडब्ल्यू एंड सीएस) का विकास	रक्षा
82	वर्ष 2018 का 17	संपूर्ण प्रतिवेदन	भारतीय रेल के चयनित स्टेशनों पर स्टेशन लाइन क्षमता का विस्तार	रेल
83	वर्ष 2018 का 16	संपूर्ण प्रतिवेदन	**अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडीज) और कंटेनर फ्रेट स्टेशनों का कार्यकरण (सीएफएसज)**	**वित्त (राजस्व विभाग)**
84	वर्ष 2018 का 21	**पैरा 2.1**	**दूरसंचार विभाग में स्पेक्ट्रम प्रबंधन संबंधी लेखापरीक्षा**	**संचार (दूरसंचार विभाग)**
85		**पैरा 3.1**	**डाक विभाग में कोर बीमा समाधान (सीआईएस) की लेखापरीक्षा**	**संचार (डाक विभाग)**
86		**पैरा 3.2**	**डाक विभाग में नकद प्रमाण पत्रों की स्टॉकिंग**	**संचार (डाक विभाग)**
87		**पैरा 4.1**	**भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रदत्त दूरसंचार सेवा**	**संचार (दूरसंचार विभाग)**
88	वर्ष 2019	पैरा 2.2	लेखाओं में अपारदर्शिता	**वित्त (आर्थिक कार्य विभाग)**

89	का 2	**पैरा 2.3(ग)**	**माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा उपकर**	**वित्त (आर्थिक कार्य विभाग)**
90		पैरा 3.3	100 करोड़ रूपए या इससे अधिक की बचत	विभिन्न मंत्रालय/विभाग
91		पैरा 3.4	अनुदान स्तर पर गैर जरूरी नकदी अनुपूरक प्रावधान	विभिन्न मंत्रालय/विभाग
92		पैरा 3.7	प्रावधान के परिवर्धन लिए विधिक अनुमोदन प्राप्त करने में विफलता	विभिन्न मंत्रालय/विभाग
93		पैरा 3.10	ऑब्जेक्ट शीर्ष '41-गोपनीय सेवा व्यय' प्रावधान की बढ़ोत्तरी	**वित्त (आर्थिक कार्य विभाग)**
94	**वर्ष** 2019 का 4	**अध्याय-तीन**	**सीबीआईसी में अपील के मामलों के लिए निगरानी तंत्र**	**वित्त (राजस्व विभाग)**
95		**अध्याय-चार**	**सीबीआईसी में बकाया राशि की वसूली के लिए निगरानी तंत्र**	**वित्त (राजस्व विभाग)**
96	**वर्ष** 2019 का 9	पैरा 2.7	अभिलेखों को प्रस्तुत न करना	**वित्त (राजस्व विभाग)**
97		पैरा 4.2.4	ब्याज की उगाही में चूक	**वित्त (राजस्व विभाग)**
98		पैरा 5.9.2	सहायक दस्तावेजों के सत्यापन के बिना छूट	**वित्त (राजस्व विभाग)**
99		पैरा 5.9.3	आईटीडी डेटाबेस में कृषि आय का गलत उल्लेख	**वित्त (राजस्व विभाग)**
100		पैरा 5.9.4	विभाग द्वारा सत्यापन की स्थिति	**वित्त (राजस्व विभाग)**
101		पैरा 5.9.5	अनुपालन मुद्दे -कर निर्धारण में चूक	**वित्त (राजस्व विभाग)**

102		पैरा 6.1 से 6.10	धर्मार्थ न्यासों और संस्थाओं को छूट की अनुवर्ती लेखापरीक्षा	**वित्त (राजस्व विभाग)**
103		पैरा 7.2 से 7.8	समूह कम्पनी के कर निर्धारण की एकीकृत लेखापरीक्षा	**वित्त (राजस्व विभाग)**
104	वर्ष 2019 का 10	*अध्याय-एक*	*वित्त की स्थिति*	*रेल*
105		*अध्याय-दो*	*भारतीय रेल में यात्रियों को रियायतें*	*रेल*
106	वर्ष 2019 का 14	*संपूर्ण प्रतिवेदन*	*प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना*	*पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*
107	वर्ष 2019 का 15	*अध्याय-दो*	*आयुध निर्माणियों में फ्यूजेज का उत्पादन*	*रक्षा*
108		अध्याय-तीन पैरा 3.1	*आयुध निर्माणियों में ई-प्रापण प्रणाली का कार्यकरण*	*रक्षा*
109		पैरा 3.2	*आयुध निर्माणियों में बैंक खातों का संचालन*	*रक्षा*
110		पैरा 3.5	*आयुध निर्माणी, बडमाल द्वारा द्वारा सेना को दोषपूर्ण अस्त्रों के प्रतिस्थापन के कारण* **62.10** *करोड़ रूपए की हानि*	*रक्षा*

111		पैरा 3.6	आयुध निर्माणी, चंदा में *21.46* करोड़ रूपए की लागत से शेल फिलिंग मशीन का अनुचित प्रापण।	*रक्षा*

26 अगस्त, *2019* को हुई बैठक में *2019-20* के दौरान *जांच* के लिए चुने गए *107* विषयों में से *23* ^ को *लोक लेखा समिति ने 29 अगस्त, 2019 के* प्रेस नोट *के जरिए* प्राथमिकता दी।

* समिति ने *19* नवम्बर, *2019* को आयोजित अपनी बैठक में वित्त मंत्रालय *(*राजस्व विभाग*)* से संबंधित उसी *सीएजी* रिपोर्ट पहले के चयनित पांच *पैराजों* और अध्याय *(*पैरा सं. *1.6 (*जीएसटी के उद्देश्य*), 4.1 (*डाटा तक पहुंच की कमी*)* और *4.7 (ट्रांजिशनल* क्रेडिट्स की लेखा परीक्षा*)* और अध्याय सं. *दो (*राजस्व और विवरणी फाइल करने *के रुझान)* और *तीन (*जी. *एस.* टी. एन. *की आईटी* . लेखापरीक्षा*)* *के बजाय वर्ष* **2019** *की सीएजी रिपोर्ट सं.* **11** ***(संपूर्ण रिपोर्ट)*** *का जांच हेतु चयन किया।*

27 दिसंबर, *2019* को आयोजित बैठक में समिति द्वारा *जांच* के लिए चयनित *क्र.* सं. *104-111 में* विषयों के लिए प्रविष्टियाँ

क्र. सं. 1 *पर विषयों की प्रारंभिक जांच के बाद वर्ष* 2019 *के सीएजी रिपोर्ट सं.* 8 *पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कार्यान्वयन के लिए तैयारी*); 11 (*वर्ष* 2017 *की सीएजी रिपोर्ट सं.* 37 *पर आधारित खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम,* 2006 *का कार्यान्वयन*); *और* 18 (*वर्ष* 2017 *के सीएजी रिपोर्ट सं.* 12, *का प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन, अध्याय-सोलह, पैरा* 16. 2019), *को गहन जांच हेतु दिनांक* **18** *दिसम्बर,* **2019** *के समाचार भाग-दो के माध्यम से क्रमशः उप-समिति-एक, उप-समिति-दो और उप-समिति-तीन को दिया गया। वर्ष* **2019-20** *के दौरान अन्य सभी विषय मुख्य समिति के पास रहे।*

परिशिष्ट – तीन

(देखिए पैरा 1.5)

लोक लेखा समिति (2019-20) की उप-समिति की संरचना

I. उप-समिति-एक

विषय: वर्ष 2019 की प्रतिवेदन सं. 8 – सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन हेतु तैयारी (एसडीजी)

(i)	श्री अधीर रंजन चौधरी	-	सभापति
(ii)	श्री नरेश गुजराल	-	संयोजक
(iii)	श्री सुखेंदु शेखर राय	-	सदस्य
(iv)	डॉ. सत्यपाल सिंह	-	सदस्य
(v)	श्री जगदम्बिका पाल	-	सदस्य
(vi)	श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश	-	सदस्य
(vii)	श्री राजीव चन्द्रशेखर	-	सदस्य

II. उप-समिति-दो

विषय: वर्ष 2017 की प्रतिवेदन सं. 37– खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 2006 का कार्यान्वयन

(i)	श्री अधीर रंजन चौधरी	-	सभापति
(ii)	श्री टी.आर. बालू	-	संयोजक
(iii)	श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन'	-	सदस्य
(iv)	श्री अजय मिश्र टेनी	-	सदस्य
(v)	श्री विष्णु दयाल राम	-	सदस्य

(vi) श्री राहुल रमेश शेवाले - सदस्य

(vii) श्री सुधीर गुप्ता - सदस्य

)viii(श्री सीरमेश .एम. - सदस्य

III. <u>उप-समिति-तीन</u>

विषय: वर्ष 2017 की प्रतिवेदन सं. 12, अध्याय सोलह, 16.1– प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन

(i) श्री अधीर रंजन चौधरी - सभापति

(ii) श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया - संयोजक

(iii) श्री जयंत सिन्हा - सदस्य

(iv) श्री राम कृपाल यादव - सदस्य

(v) प्रो. एम.वी.राजीव गौड़ा - सदस्य

(vi) श्री भर्तृहरि महताब - सदस्य

(vii) श्री बालाशौरी वल्लभनेनी - सदस्य

(viii) श्री भूपेन्द्र यादव - सदस्य

परिशिष्ट-चार

(देखिए पैरा 1.6)

लोक लेखा समिति (2019-20) [मुख्य समिति] की बैठकों की तिथियां और अवधि के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण

क्र. सं.	बैठक की तिथि	समय		अवधि		उपस्थित सदस्यों की संख्या	विषय जिन पर चर्चा की गई
		से	तक	घंटा	मिनट		
[1]	[2]	[3]	[4]	[5]	[6]	[7]	[8]
1.	26.08.2019	1500	1550	00	50	18	वर्ष 2019-20 के दौरान जांच के लिए विषयों के चयन से संबंधित ज्ञापन सं. 1 पर विचार करना
2.	13.09.2019	1430	1630	02	00	19	(एक) नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के वर्ष 2019 की प्रतिवेदन संख्या 8 पर आधारित "सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन हेतु तैयारी" विषय के बारे में लेखापरीक्षक द्वारा जानकारी देना; और (दो) उपर्युक्त उद्धृत विषय के बारे में

							में नीति आयोग के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी देना।
3.	20.09.2019	1430	1700	02	30	16	(एक) नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के वर्ष 2018 की प्रतिवेदन संख्या 22 पर आधारित "त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम" विषय के बारे में लेखापरीक्षक द्वारा जानकारी देना; और (दो) इस विषय के बारे में जल शक्ति मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी देना।
